# युवाओं को बुंदेली विरासत से जोड़ेगा बुंदेली समागम

▶ स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह बुंदेली समागम में हुए शामिल



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 सितम्बर. स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि बुंदेली की संस्कृति और विरासत प्राचीनकाल से समृद्ध रही है. युवाओं को बुंदेली विरासत की जड़ों से जोड़ने में कामयाब होगा बुंदेली समागम. स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह सोमवार को रवीन्द्र भवन में तीन दिवसीय बुंदेली समागम को संबोधित कर रहे थे.**

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भोपाल में बुंदेली समागम का आयोजन जनसामान्य में काफी लोकप्रिय हुआ है. समागम में युवाओं की बढ़ती भागीदारी प्रसन्नता का विषय है. उन्होंने समागम के आयोजक बुंदेली बौछार के सचिन चौधरी के प्रयासों की प्रशंसा की. सचिन ने बताया कि समागम में बुंदेली संस्कृति से जुड़े नृत्यों और गायनों की प्रस्तुतियों ने जनसामान्य को अपनी ओर आकर्षित किया है.

तीन दिवसीय बुंदेली समागम 2025 का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ. राजनीतिक संवाद में प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने युवाओं को शिक्षा, क्षेत्रीय पहचान और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने का संदेश दिया. वक्ताओं ने कहा कि बेरोजगारी जैसी चुनौतियों का समाधान शिक्षा और कौशल विकास से ही संभव है. साथ ही जातिवाद और भेदभाव को समाप्त कर समानता और सद्भाव को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया गया. शाम 4 बजे से हुए बुंदेली आइडल फाइनल में दस प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

मुस्कान प्रजापति, द्वितीय सौम्या भड़ोलिया, तृतीय स्थान गीता अहिरवार और अंकित परिहार ने हासिल किया. बाकी सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इसमें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और फिल्म निर्देशक राज शांडिल्य विशेष रूप से मौजूद रहे. वक्ताओं ने कहा कि बुंदेली समागम ने न केवल क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को नई ऊर्जा दी है बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर भी प्रदान किया है. अंत में आयोजन समिति ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की कि आगामी वर्ष यह समागम और भी व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा. बुंदेली समागम 2025 ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि जब क्षेत्रीय परंपरा, कला और युवा शक्ति एक मंच पर आते हैं, तो न केवल संस्कृति समृद्ध होती है, बल्कि भविष्य की राह भी उज्ज्वल होती है.

### फिल्म ड्रीम गर्ल की स्क्रिप्ट का विचार भोपाल से ही आया

'बुंदेली युवा संवाद' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राज शांडिल्य उपस्थित रहे. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखक को पढ़ने वाले तो अधिक होते हैं, लेकिन सुनने वाले बहुत कम मिलते हैं. आज यहां इतने लोग सुनने आए, यह अपने आप में सौभाग्य की बात है. उन्होंने झांसी से मुंबई तक की अपनी यात्रा साझा करते हुए बताया कि मुंबई की हर गली में कलाकार मौजूद है, लेकिन कुछ अलग कर पाना ही वास्तविक पहचान बनाता है. शांडिल्य ने कॉमेडी सर्कस के लिए 2500 से अधिक स्क्रिप्ट लिखने से लेकर कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और फिर फिल्म ड्रीम गर्ल तक की अपनी रचनात्मक यात्रा पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि खराब लिखने से ज्यादा, ओवर लिखना खराब होता है. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि फिल्म ड्रीम गर्ल की स्क्रिप्ट का विचार भोपाल से ही आया था, जब एंजल प्रिया का इंटरनेट ट्रेंड लोकप्रिय हो रहा था.

# खुले सीवर चैंबर, खुले में शौच पर बने योजना : सांसद शर्मा



स्वच्छता पर सांसद शर्मा ने संसदीय स्थाई कमेटी को दिए सुझाव

**भोपाल, 8 सितंबर. सांसद आलोक शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में संसद भवन के एनेक्सी में आयोजित आवासन एवं शहरी विकास मामलों की संसदीय स्थाई कमेटी की बैठक में सहभागिता की. इस दौरान सांसद शर्मा ने कमेटी के अध्यक्ष एम श्रीनिवसुलु रेड्डी का ध्यान शहरों की स्वच्छता की ओर आकर्षित कराते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए. जिसे संसदीय स्थाई कमेटी के अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया.**

सांसद शर्मा ने कहा कि शहरों के अंदर रहवासी कालोनियों सुअर घूमते रहते हैं और गंदगी फैलाते हैं. उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ समाज सुअर पालन का काम करते हैं. उन्होंने सुझाव दिया कि इन सुअर पालकों को नगर निगम सीमा के बाहर स्थान आवंटित कर ऋण की सुविधा प्रदान किए जाने की योजना बनाई जाए, जिससे शहरों से ये गंदगी हटाई जा सके. साथ ही सांसद शर्मा ने शहरों में जगह-जगह सीवर चैंबर खुले रहते हैं. इनमें या तो ढक्कन होते नहीं हैं या फिर टूट जाते हैं. इन खुले चैंबरों से कई बार राहगीरों के एक्सीडेंट हो जाते हैं. सांसद शर्मा ने सुझाव दिया कि इनके स्थायित्व की ठोस योजना बनाई जाए. इसी प्रकार सांसद शर्मा ने कहा कि आज हम स्वच्छता की बात कर रहे हैं, लेकिन खुले में शौच अभी भी जारी है. इसे रोके जाने की भी योजना बनाई जाना चाहिए.

# मंत्री गौर ने सेवासदन में रोगियों की कुशलक्षेम पूछी



**भोपाल, 8 सितंबर. घुमन्तु, राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने सोमवार को संत हिरदाराम नगर स्थित सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में भर्ती निर्धन नेत्र रोगियों का कुशलक्षेम पूछा तथा अस्पताल में हुए उनके नि:शुल्क ऑपरेशन, चिकित्सा गुणवत्ता, ऑपरेशन पूर्व, उसके बाद की देखभाल और सेवाओं आदि के संबंध में जानकारी ली.**

रोगियों से चर्चा के दौरान उन्हें बताया गया कि यह एक अस्पताल नहीं, बल्कि गरीबों की सेवा और सहायता का प्रमुख केन्द्र है. यहां के कर्मचारी मरीजों की करूणाभाव के साथ देखभाल और सेवा करतेहैं. मरीजों ने राज्य मंत्री को बताया कि उनके परिवारों में भी इतनी आत्मीयता के साथ उनकी सेवा नहीं होती है. इस अवसर पर सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेरणाउपाध्याय, ग्लाकोमा विशेषज्ञ डॉ. सपना प्रशांत, निदेशक कुशल धर्मानी और अस्पताल प्रशासक अनुषा तिवारी भी राज्य मंत्री गौर के साथ थे.

राज्यमंत्री गौर ने अपनी आंखों की जांच भी डॉ. सपना से करवाई. उन्होंने बताया कि वे पहले अपनी आंखों के इलाज के लिये हैदराबाद स्थित एक सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में गईं थीं, लेकिन वहां भी उनको विशेष फायदा नहीं हुआ. अंतत: किसी स्वजन की सलाह पर उन्होंने सेवासदन आकर अपना इलाज करवाने का निश्चय किया. उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में मरीज का केवल इलाज नहीं होता, यहां तो एक अलौकिक संत के आशीर्वाद भी मिलत हैं.

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 सितम्बर.** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी. प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं का शासकीय- अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय मंय सत्र 2025-26 में कक्षा आठवीं और दसवीं कक्षा अध्ययनरत होना आवश्यक है. प्रवेश के बाद छात्र-छात्राओं को शिक्षा आवास भोजन यूनिफार्म पाठ्य-पुस्तकें एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएँ नि:शुल्क दी जाएंगी.




## उपाधि पाकर खुश हुए विद्यार्थी

**भोपाल, 8 सितंबर.** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किए. इस दौरान उपाधि और पदक पाकर अधिकांश विद्यार्थी खुश नजर आए.

### एक नजर में



#### रिटायर्ड एसीएस कंसोटिया का किया सम्मान

**भोपाल.** जांगड़ा महासभा ने राजधानी भोपाल के सेकंड स्टॉप स्थित अजाक्स भवन में आयोजित समारोह में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) पद से सेवानिवृत्त हुए जेएन कंसोटिया का सम्मान किया. इस अवसर पर महासभा के संभागीय अध्यक्ष दिनेश कुमार बरखने, रामस्वरूप बरखने सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे.



#### स्मार्ट शिक्षा डिजिटल इनिशिएटिव' का शुभारंभ

**भोपाल.** रोटरी क्लब भोपाल हिल्स ने सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरखेड़ा बॉदर में ई-ज्ञान - स्मार्ट शिक्षा डिजिटल इनिशिएटिव का शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष रोटेरियन हर्ष वाई मित्तल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन नमिता सक्सेना एवं चेयर रोटेरियन गीतांजलि श्रीवास्तव ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया, शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा कक्षा 9 के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए. रोटरी क्लब भोपाल हिल्स की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित कर शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली व सुलभ बनाएगी.

# सरकारी अस्पतालों में नियुक्त किए जाएं फिजियोथेरेपिस्ट

▶ चिकित्सक संघ ने मनाया वर्ल्ड फिजियोथेरेपिस्ट डे

**भोपाल. 7 सितंबर. भौतिक चिकित्सक( फिजियोथेरेपिस्ट ) संघ ने सोमवार को वर्ल्ड फिजियोथेरेपिस्ट डे मनाया. संघ के संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील पांडे ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत जटिल से जटिल सर्जरी, हड्डियों की टूटफूट, खेल के मैदान में खिलाड़ियों को आने वाली चोटी तथा मांसपेशियों, जोड़ों एवं न्यूरो तंत्र से संबंधित समस्याओं, बीमारियो, चोटों के इलाज में फिजियोथैरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है.**

उन्होंने मांग की है कि नेशनल कमीशन फ़ॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल एक्ट 2021 के तहत मध्यप्रदेश में स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल कानून पुन: लागू पर फिजियोथैरेपी की प्रोफेशनल काउंसिल का गठन व बोर्ड बना कर उक्त नियमों का पालन करना चाहिए ताकि पेशेवरों के हकों की रक्षा हो सके. जिलों में फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल की स्थापना करने के साथ ही प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फिजियोथेरेपी यूनिट स्थापित कर महिला पुरुष फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति की जाए.

# सेवा भारती के सुपोषण जागरुकता अभियान का शुभारंभ



**भोपाल, 8 सितंबर. राष्ट्रीय सेवा भारती के मार्गदर्शन में सेवा विद्या मंदिर गोविंदपुरा में भोपाल विभाग का सुपोषण जागरुकता अभियान का उद्घाटन किशन सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर निगम के मुख्य आतिथ्य, डॉ मनीष शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता एवं सेवा भारती मध्यभारत प्रांत के सचिव विमल त्यागी, महानगर अध्यक्ष शिव मंगल सिंह और प्रभारी संकल्प दीक्षित सुपोषित भारत समर्थ भारत का विमोचन कर किया.**

मुख्य अतिथि सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक देश का हर नागरिक माताएं, बच्चे सुपोषित नहीं होंगे, तब तक हमारे देश का विकास नहीं होगा. सेवा भारती द्वारा इस दिशा में कई वर्षों से सुपोषण से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शर्मा ने कहा सच्चा सुख निरोगी काया उक्त वाक्य को चरितार्थ करते हुए हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने पर भी ध्यान देना है. शरीर के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना है, सेवा भारती द्वारा गत 3 वर्षों में सुपोषण हेतु निरंतर जागरूकता अभियान प्रशंसनीय है. भोपाल विभाग के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने सेवा भारती द्वारा प्रतिवर्ष सुपोषण पर किए जा रहे कार्यक्रम के उद्देश्य बताए. सह संयोजिका प्रियंका सिंह ने सुपोषण आयाम की भूमिका रखी.

# ह्यूमैनिटेरियन डे पर संस्थाओं ने किया प्राचार्य का सम्मान




**भोपाल, 8 सितंबर. भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) में सोमवार को ह्यूमैनिटेरियन डे धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर भोपाल शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों ने बीएसएसएस कॉलेज का और प्राचार्य डॉक्टर फादर जॉन पीजे का अनेक शानदार कार्यों को देखते हुए सम्मान किया.**

सोशल वर्क डिपार्टमेंट ने डॉ ऋतिक गंधे के नेतृत्व में ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया, जिसमें कॉलेज के छात्रों ने 133 यूनिट रक्तदान किया.

गोकाष्ठ संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन समिति के कोषाध्यक्ष एवं समन्वयक ममतेश शर्मा ने डॉ जॉन को सम्मानित किया. हमीदिया अस्पताल के

▶ बीएसएसएस के विद्यार्थियों ने किया 133 यूनिट रक्तदान

डॉक्टर पुनीत टंडन ने कॉलेज को हमीदिया अस्पताल में नियमित रूप से रक्तदान के सहयोग देने के लिए सम्मानित किया. पश्चिम मध्य रेलवे के सौरभ कटारिया, डिविजनल रेलवे मैनेजर कमर्शियल ने कॉलेज के हरे भरे सुंदर और स्वच्छ कैंपस को देखते हुए क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अवार्ड देकर सम्मान किया. कटारिया ने कहा कि एक्ट फॉर ह्यूमैनिटी के माध्यम से समाज में अलग-अलग कार्यों को करते हुए हमें इमोशनल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करना चाहिए, तभी हम वास्तविक स्थिति को समझ सकते हैं.



# साहित्य वही है जो वंचित वर्ग के पक्ष में खड़ा हो : शिवमूर्ति

▶ नई कथा-श्रृंखला धरोहर कहानियाँ' का लोकार्पण

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 सितंबर. राजकमल प्रकाशन द्वारा आयोजित किताब उत्सव के तीसरे दिन सोमवार को सात सत्रों में कार्यक्रम हुआ. 6 सितम्बर से जारी यह उत्सव 10 सितम्बर तक चलेगा.**

इस दौरान राजकमल प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है जहाँ कहानी, उपन्यास, कविता समेत विविध विषयों की 5000 से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की गई है. साथ ही बच्चों के लिए भी किताबें उपलब्ध है. पहले सत्र में शिवमूर्ति के बहुचर्चित उपन्यास 'अगम बहै दरियाव' पर कैलाश वानखेड़े ने उनसे बातचीत की. इस दौरान शिवमूर्ति ने कहा कि साहित्य वही है जो समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के पक्ष में खड़ा हो. उन्होंने कहा कि गांवों में जाति अब भी मौजूद है, लेकिन आज लोग जाति से ऊपर उठकर डॉक्टर, नेता और अन्य भूमिकाओं में भी देखे जा सकते हैं.

दूसरे सत्र में निधि अग्रवाल के कहानी-संग्रह 'प्रेम एक पालतू बिल्ली' पर हेमंत देवलेकर और सविता भार्गव ने चर्चा की. सविता भार्गव ने कहा कि इस संग्रह की सभी कहानियों का अंत:स्रोत संवेदना है. हेमंत देवलेकर ने टिप्पणी की कि यह कहानियां अंतर्मन की सुंदर रचनाएं हैं, जो मनोविज्ञान के विभिन्न पहलुओं को सामने लाती हैं. वहीं लेखक निधि ने बताया कि किस तरह समय के साथ प्रेम की परिभाषा बदलती है और परिस्थितियों में बंधी एक लड़की का जीवन इसमें अभिव्यक्त होता है.

> अगले सत्र में लीलाधर मंडलोई की आत्मकथा 'जब से आँख खुली है' पर चर्चा हुई. सत्र में रामप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यह पुस्तक गांव और कस्बों से जुड़े लोगों को प्रभावित करेगी. राजेश जोशी ने इसे छोटे-छोटे उपाख्यानों से बनी स्मृतियों का आख्यान बताया. अब्दुल बिस्मिल्लाह ने कहा कि अतीत जैसा भी हो उसकी स्मृति हमेशा सुखद होती है.

**नेतृत्व का पाठ** ▶ राधारमण इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी आयोजन में हुए शामिल

# छात्रों ने श्रीकृष्ण के जीवन से सीखे लीडरशिप के गुण



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 सितम्बर. इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट द्वारा श्रीकृष्ण से नेतृत्व के पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन में राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के एमबीए विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति सोलंकी के नेतृत्व में चार विद्यार्थियों ने भाग लिया.**

आयोजन शनिवार को भारतीय विद्या भवन एमपीनगर में किया गया. कार्यक्रम में इंडस्ट्री-अकादमिक सहयोग समिति भोपाल के चेयरमैन आर.जी. द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. वक्ताओं ने बताया कि श्रीकृष्ण की शिक्षाएँ आज भी प्रबंधन और नेतृत्व के लिए मार्गदर्शक हैं. उन्होंने कहा महाभारत के युद्ध में अर्जुन के भ्रम और संकोच को दूर कर श्रीकृष्ण ने उन्हें नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया. यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी सही निर्णय और दूरदर्शिता ही नेतृत्व की असली पहचान होती है. सम्मेलन में राधारमण के छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने संवाद को और भी सार्थक बनते हुए विचारों और प्रश्नों से चर्चा को जीवंत बनाया. इस अवसर पर राधारमण समूह के चेयरमैन ने कहा कि, हमारे विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर के ऐसे आयोजनों में भागीदारी संस्थान के लिए गर्व का विषय है.

## जनजातीय संग्रहालय में उद्घोष समारोह 12 से

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 सितम्बर.** म.प्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जनजातीय संग्रहालय में तीन दिवसीय समारोह उद्घोष समारोह का आयोजन 12 से 14 सितंबर तक किया जा रहा है. यह कार्यक्रम प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों में पारम्परिक जनजातीय एवं लोक समाजों में शारीरिक करतब एवं युद्ध की कलाओं पर केन्द्रित है. समारोह में मध्यप्रदेश सहित दस राज्यों के कलरीपायतू, पइका, लेझिम, ढाल-तलवार रास, छाऊ, अखाड़ा, पाई डण्डा, सिलम्बम, थांगटा, गतका, पण्डवानी, आल्हा, बीछी, मलखंभ और सैला नृत्य, गायन एवं युद्ध कौशल का प्रदर्शन होगा.